संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ।

करुणा के प्रतीक भगवान बुद्ध ने हमें आत्मज्ञान, सहिष्णुता और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उनका सरल और प्रभावी उपदेश हम सबको प्रेम, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। महात्मा बुद्ध का जीवन आत्मनियंत्रण और अनुशासन का उत्तम उदाहरण है एवं उनकी शाश्वत शिक्षाएं आज भी मानव जाति का मार्गदर्शन कर रही हैं।

आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को मन, वचन और कर्म से अपने आचरण में अपनाएं और गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें।

****